# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी–बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी –केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

वाद संख्याः– 2025/455 दर्ज तिथिः–03.07.2025

1. चुतराराम पुत्र रामूराम
   जाति सुथार निवासी पादरड़ी कला, सिंधासवा हरनियान तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

............................प्रार्थी

बनाम

1. कमलादेवी पत्नी भंवरलाल
2. पालूदेवी पत्नी मांगीलाल
   जाति सुथार निवासी पादरड़ी कला सिंधासवा हरनियान तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर।
3. तहसीलदार गुड़ामालानी

..........................अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः– श्री रिड़मलराम
अप्रार्थीः– एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–212
राजस्थान काश्तकारी अधि0–1955

**–ःनिर्णयः–**

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र बाबत् इस्तकराहक्क अन्तर्गत धारा–212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 का वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रार्थना पत्र का सूक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने निवेदन किया गया कि प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी की आराजी खसरा संख्या 148/2/6.0055 है0 मौजा पादरड़ी कला पटवार हल्का सिंधासवा हरनियान तहसील गुड़ामालानी में अवस्थित है। प्रार्थीगण की उक्त संयुक्त खातेदारी आराजी पर प्रार्थीगण के रहवासी ढाणीयां, पानी के टांके, मवेशियों के बाड़े आदि बनाए हुए है। साथ ही प्रार्थीगण की उक्त संयुक्त खातेदारी आराजी पर कब्जा काश्त है। प्रार्थीगण की उक्त संयुक्त खातेदारी आराजी के सेढें पर अप्रार्थीगण की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 148/1 मौजा पादरड़ी कला तहसील गुड़ामालानी अवस्थित है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी की माठों को तोड़कर अनाधिकृत कब्जा कर निर्माण करने पर आमदा है। यदि अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी की माठों को तोड़कर अनाधिकृत कब्जा कर निर्माण करने में सफल हो जाते है तो इससे प्रार्थीगण की उक्त संयुक्त खातेदारी आराजी पर आमदरफत में व्यवधान उत्पन्न होगा तथा इससे प्रार्थीगण को अपूरणीय क्षति कारित होगी। अंत में प्रार्थीगण की उक्त संयुक्त खातेदारी आराजी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.13 16:22:21 IST
Reason: SelfAttested

| | | |
|---|---|---|
| ***अपूरणीय क्षति*** | प्रार्थी | प्रार्थीगण का अभिकथन है कि प्रार्थीगण की उक्त संयुक्त खातेदारी आराजी के सेढें पर अप्रार्थीगण की खातेदारी आराजी अवस्थित है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी की माठों को तोड़कर अनाधिकृत कब्जा कर निर्माण करने पर आमदा है। यदि अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी की माठों को तोड़कर अनाधिकृत कब्जा कर निर्माण करने में सफल हो जाते है तो इससे प्रार्थीगण की उक्त संयुक्त खातेदारी आराजी पर आमदरफत में व्यवधान उत्पन्न होगा तथा इससे प्रार्थीगण को अपूरणीय क्षति कारित होगी। |
| | निष्कर्ष | इस प्रकार अगर प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी पर अप्रार्थीगण को आमदरफत में व्यवधान करने से रोकने हेतु अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया जाता है तो इससे अप्रार्थीगण को कोई क्षति नही होती है। परंतु अगर प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी पर अप्रार्थीगण को आमदरफत में व्यवधान करने से रोकने हेतु अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद नही किया जाता है तो इससे प्रार्थीगण को स्पष्ट रूप से अपूरणीय क्षति कारित होना स्पष्ट है। |

7. इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रकरण में पत्रावली के अवलोकन के अनुसार स्पष्ट है कि प्रकरण में खातेदारी आराजी का स्वामित्व प्रार्थीगण के पक्ष में निर्विवादित है। इस कारण खातेदारी आराजी का स्वामित्व प्रार्थीगण के पक्ष में निर्विवादित होने के आधार पर आराजी पर कब्जा भी प्रार्थीगण का होना स्पष्ट है। प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी पर अप्रार्थीगण को आमदरफत में व्यवधान करने से रोकने हेतु अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद नही किया जाता है तो इससे प्रार्थीगण को स्पष्ट रूप से असुविधा होती है। इस प्रकार सुविधा का संतुलन प्रार्थीगण के पक्ष में स्पष्ट झुकाव रखता है। प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी पर अप्रार्थीगण को आमदरफत में व्यवधान करने से रोकने हेतु अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद नही किया जाता है तो इससे प्रार्थीगण को स्पष्ट रूप से अपूरणीय क्षति कारित होना स्पष्ट है। इस प्रकार न्यायालय प्रथमदृष्टया प्रार्थी की संयुक्त खातेदारी आराजी पर ताफैसल दावा अस्थाई निषेधाज्ञा जारी किया जाना उचित समझता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थी का प्रार्थना पत्र बाबत अस्थाई निषेधाज्ञा स्वीकार किया जाता है तथा आराजी खसरा संख्या 148/2/6.0055 है0 मौजा पादरड़ी कला पटवार हल्का सिंधासवा हरनियान तहसील गुड़ामालानी तहसील गुड़ामालानी पर बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए किसी प्रकार का हस्तक्षेप, परिवर्तन, बाधा उत्पन्न नहीं करने तथा किसी प्रकार का निर्माण नहीं करने, आराजी की सीमाओं में परिवर्तन नहीं करने, आराजी पर काश्त नहीं करने व मौकास्थिति बनाए रखने बाबत् अप्रार्थीगण को ताफैसल मूल दावा संख्या 2025/454 तक पाबंद करने हेतु अस्थाई निषेधाज्ञा जारी व पुष्ट की जाती है।**

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.13 16:22:21 IST
Reason: SelfAttested

